50 साल के इतिहास में पहली बार अधिनियम में संशोधन, आवासन मंडल और अधिक शक्ति संपन्न

गठित होगी प्रवर्तन शाखा नियुक्त होंगे पुलिस अधिकारी

महानगर संवाददाता

जयपुर। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि मंडल के 50 साल के इतिहास में पहली बार मंडल को शक्तिशाली बनाने के लिए एक्ट में संशोधन किया गया है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान आवासन बोर्ड (संशोधन) अधिनियम 2020 विधानसभा ने पारित किया है।

इस एक्ट के तहत अब मंडल को बोर्ड के परिसर एवं संपत्तियों पर से अतिक्रमण हटाने, अधिग्रहण, कुर्की और अतिक्रमणकारियों एवं अवैध रूप से काबिज व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने की शक्तियां मिली हैं। अरोड़ा ने बताया कि मंडल में इस कार्य को करने के लिए प्रवर्तन शाखा का गठन किया गया है। इस प्रवर्तन शाखा के लिए उप संवर्ग के विभिन्न पदों का सृजन किया गया है, जिन पर पुलिस विभाग से प्रतिनियुक्ति पर कार्मिक लगाए जाएंगे। मुख्यालय स्तर पर एक पुलिस उप अधीक्षक, एक निरीक्षक/उप निरीक्षक एवं चार कॉन्स्टेबल नियुक्त होंगे, जिनमें से एक महिला कॉन्स्टेबल होगी।

इसी तरह मंडल के वृत्त कार्यालयों पर एक पुलिस निरीक्षक/उपनिरीक्षक और चार कॉन्स्टेबल नियुक्त होंगे, जिनमें से एक महिला होगी। इन पदों पर प्रतिनियुक्ति के लिए पुलिस विभाग को लिखा जाएगा। इस शाखा के गठित होने से मंडल के अधिकारों में वृद्धि होने के साथ राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी। अब आवंटियों के साथ मंडल को किश्तें नहीं चुकाने वाले डिफाल्टर आवंटियों की सम्पत्तियों को कुर्क व नीलाम किया जा सकेगा।

अतिक्रमण हटा सकेगा, कर सकेगा कुर्की और नीलामी की कार्यवाही

पहला बुधवार-रिकॉर्ड बुधवार: हाउसिंग बोर्ड ने तोड़ा अपना ही रिकॉर्ड

381 मकान बिके, 58.22 करोड़ का राजस्व मिला

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि बुधवार नीलामी उत्सव के तहत सभी के लिए किश्तों में आवास योजना के तहत पहले बुधवार को ही हाउसिंग बोर्ड ने एक दिन में सर्वाधिक मकान बेचने का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस बुधवार को एक दिन में 381 मकान बिके, जिससे मंडल को 58 करोड़ 22 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि कोविड-19 महामारी के इस दौर में आवासन मंडल द्वारा आमजन के घर के सपने को साकार करने के लिए सभी के लिए किश्तों में आवास योजना शुरू की थी। आवासन मंडल की साख का ही कमाल है कि कोविड-19 के इस दौर में भी मंडल के आवास लोगों की पहली पसंद है। योजना में 700 से अधिक लोगों ने 7 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जमा कराकर इसमें भाग लिया था। सभी के लिए किश्तों में आवास योजना के तहत 39 शहरों की 45 योजनाओं में 50 प्रतिशत तक छूट पर आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मंडल इतिहास में पहली बार इतनी भारी छूट के साथ 13 वर्षों की आसान 156 मासिक किश्तों पर आमजन को आवास उपलब्ध हो रहे हैं।

जयपुर में सर्वाधिक 169 मकान बिके

बुधवार को नीलामी उत्सव के तहत जयपुर में सर्वाधिक 169 मकान बिके। इनमें से जयपुर वृत्त प्रथम में 75, जयपुर वृत्त द्वितीय में 59 और जयपुर वृत्त तृतीय में 35 मकान बिके।

नंबर दो पर रहा अलवर क्षेत्र, बिके 86 मकान

अलवर क्षेत्र में भी यह योजना हिट रही। मंडल के अलवर वृत्त में 86 मकान बिके। इनमें से भी अकेले भिवाड़ी में 5 करोड़ रुपए 92 लाख रुपए के 54 फ्लैट बिके। उन्होंने बताया कि इसी तरह बीकानेर वृत्त में 37 मकान, जोधपुर वृत्त प्रथम और द्वितीय में 27 मकान, कोटा वृत्त में 29 मकान और उदयपुर वृत्त में 30 मकान बिके।